**Terms of Reference (TOR)**
**Consultant, Knowledge Management Division (KMD)**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a center of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been a number of personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health systems strengthening, universal health coverage and excellence in public health, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening healthcare systems, improving service delivery and enabling positive health outcomes, through hands-on technical support at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal health coverage, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and administration. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the National and Global Goals.

The position reports to the Advisor-Knowledge Management Division, NHSRC and is on Contractual basis.

**Roles & responsibilities:**

- Provide technical assistance to undertake research activities under Knowledge Management Division (KMD).
- Support the activities as part of Research including Implementation Research for Health Systems Strengthening (IR HSS) and coordinate activities viz. research priority setting workshops, setting annual research agenda, etc.
- Providing technical inputs to research studies/protocols as and when required.
- Support review and analysis of published and grey literature and data available through various sources on a periodic basis, including National / State / District level survey, HMIS, Sustainable Development Goal indicators and Universal Health Coverage indicators

- Support in creating platform for partners/stakeholders to share and create evidence-based knowledge, enabling the uptake of information to strengthen the health systems interventions
- Ensure availability of information from available data sources in an easily transferrable and usable form, based on the requirement of the Knowledge Management and other divisions. Keep divisions abreast of latest findings on key health systems data and studies including SDG and UHC indicators
- Support in activities pertaining to data collection, collation, analysis, and report writing in coordination with Implementation Research for Health Systems Strengthening (IR-HSS), KMD
- Identify best practices and innovations within states and districts and support in documentation. Undertake review of literature and stay up-to-date on current trends in health systems strengthening
- Ensure timely and high-quality responses to MoHFW and Parliament Questions pertaining to the division
- Support Knowledge Management Division on all administrative and technical matters
- Support Advisor in other assignments as and when required

**Qualifications and Experience:**

- MBBS/BDS with MPH (Master of Public Health/MD (Community Medicine/Preventive & Social Medicine) /MD (Social Preventive Medicine)/ Post Graduate degree (Social Science in Health)-Regular Courses only
- Published work in the area of health systems or public health
- Have at least 2 years of Post Qualification experience

**Age Limit:** Up to 45 Years & below (As of the last date of application)

**Work Location:** New Delhi

**Remuneration Range:** Between Rs.. 60,000/- to Rs. 1,20,000/-

**Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience*

**Other Benefits:** In addition to the remuneration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract:** Initial Contract till 31st March 2028 (with further extension subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (**http://nhsrcindia.org**). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is 17 March 2026.

**संदर्भ की शर्तें**

**सलाहकार – ज्ञान प्रबंधन प्रभाग (KMD)**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत एक स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु राज्यों को तकनीकी सहयोग एवं क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करना है। NHSRC को स्वास्थ्य नीति एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और उनके मूल्यांकन में योगदान देने का दायित्व भी सौंपा गया है।

वर्ष 2006 में स्थापना के पश्चात से NHSRC अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित ज्ञान का एक प्रमुख भंडार और उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। इस संस्था के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ सुदृढ़ व्यावसायिक संबंध स्थापित हैं। NHSRC से जुड़े अनेक कार्मिकों ने यहाँ कार्य करते हुए अमूल्य अनुभव अर्जित किया है, जिससे उन्हें अपने व्यावसायिक जीवन में उन्नति के अवसर प्राप्त हुए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और उसकी कार्यप्रणालियों से व्यापक परिचय NHSRC की एक विशिष्ट विशेषता है।

अगर आप स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और सार्वजनिक स्वास्थ्य में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो भारत के स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने हेतु समर्पित एक दल के साथ कार्य करने का यह एक विशिष्ट अवसर है। यह पद राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रत्यक्ष तकनीकी सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण, सेवा प्रदाय व्यवस्था में सुधार और सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में सहभागिता का अवसर प्रदान करता है। अंतर्विषयक दल के साथ कार्य करते हुए सेवा वितरण प्रणालियों, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन एवं प्रशासन से संबंधित विविध चुनौतियों के समाधान खोजने, उन्हें अनुकूलित करने, सह-निर्मित करने और प्रसारित करने का अवसर प्राप्त होगा। यह अवसर व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में योगदान देने, जिला एवं उप-जिला स्तर के कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान-अनुवाद को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय एवं वैश्विक लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होने का अवसर प्रदान करता है।

यह पद परामर्शदाता – ज्ञान प्रबंधन प्रभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) को प्रतिवेदित करेगा और पूर्णतः संविदा आधार पर होगा।

**कर्तव्य एवं दायित्व :**

- ज्ञान प्रबंधन प्रभाग (KMD) के अंतर्गत अनुसंधान गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान करना।

- स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण हेतु कार्यान्वयन अनुसंधान (IR-HSS) सहित अनुसंधान संबंधी गतिविधियों में सहयोग प्रदान करना और अनुसंधान प्राथमिकता निर्धारण कार्यशालाओं, वार्षिक अनुसंधान एजेंडा निर्धारण आदि का समन्वय करना।
- आवश्यकता अनुसार अनुसंधान अध्ययनों/प्रोटोकॉल में तकनीकी अभिमत एवं सुझाव प्रदान करना।
- राष्ट्रीय/राज्य/जिला स्तरीय सर्वेक्षणों, HMIS, सतत विकास लक्ष्य (SDG) संकेतकों और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) संकेतकों सहित विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध प्रकाशित एवं अप्रकाशित साहित्य और आंकड़ों की समय-समय पर समीक्षा एवं विश्लेषण में सहयोग प्रदान करना।
- साझेदारों/हितधारकों के मध्य साक्ष्य-आधारित ज्ञान के आदान-प्रदान हेतु मंच के निर्माण में सहयोग प्रदान करना, जिससे स्वास्थ्य प्रणाली हस्तक्षेपों को सुदृढ़ किया जा सके।
- उपलब्ध आंकड़ा स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं को ज्ञान प्रबंधन प्रभाग एवं अन्य प्रभागों की आवश्यकता के अनुरूप सुगम, हस्तांतरणीय एवं उपयोगी रूप में उपलब्ध कराना और प्रभागों को स्वास्थ्य प्रणाली से संबंधित प्रमुख आंकड़ों एवं अध्ययनों, जिनमें SDG एवं UHC संकेतक सम्मिलित हैं, की नवीनतम जानकारी से अवगत कराना।
- IR-HSS, KMD के समन्वय में आंकड़ा संकलन, संहिताकरण, विश्लेषण एवं प्रतिवेदन लेखन से संबंधित गतिविधियों में सहयोग प्रदान करना।
- राज्यों एवं जिलों में उत्तम प्रथाओं एवं नवाचारों की पहचान कर उनके प्रलेखन में सहयोग प्रदान करना और स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण से संबंधित नवीन प्रवृत्तियों पर अद्यतन जानकारी बनाए रखना।
- प्रभाग से संबंधित विषयों पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) और संसद प्रश्नों के समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्तर सुनिश्चित करना।
- ज्ञान प्रबंधन प्रभाग को प्रशासनिक एवं तकनीकी विषयों पर समुचित सहयोग प्रदान करना।
- आवश्यकता अनुसार परामर्शदाता – ज्ञान प्रबंधन प्रभाग को अन्य सौंपे गए कार्यों में सहयोग प्रदान करना।

**योग्यताएँ एवं अनुभव :**

- एमबीबीएस/बीडीएस के साथ मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH) अथवा एम.डी. (सामुदायिक चिकित्सा/प्रतिरक्षी एवं सामाजिक चिकित्सा/सामाजिक प्रतिरक्षी चिकित्सा) अथवा स्वास्थ्य के सामाजिक विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि (केवल नियमित पाठ्यक्रम)।
- स्वास्थ्य प्रणाली अथवा सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित शोध कार्य।
- स्नातकोत्तर उपरांत न्यूनतम 02 वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव।

**आयु-सीमा** : आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।

**कार्य-स्थल**: नई दिल्ली।

**पारिश्रमिक सीमा** : ₹60,000/- से ₹1,20,000/- प्रति माह।

* प्रस्तावित पारिश्रमिक अभ्यर्थी की योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा।

**अन्य लाभ**: उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, NHSRC के सलाहकारों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (NHSRC की नीति के अनुसार), 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, प्रदर्शन आधारित वेतन वृद्धि और आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) प्रदान किया जाएगा।

**अनुबंध की अवधि:** प्रारम्भिक अनुबंध 31 मार्च 2028 तक के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में आगे बढ़ाया जा सकता है।

चयनित अभ्यर्थियों को NHSRC में समान कौशल-समुच्चय एवं उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों हेतु भी विचारार्थ लिया जा सकता है।

**आवेदन की प्रक्रिया :**अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सही ढंग से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 17 मार्च 2026 होगी।

**Terms of Reference**
**Consultant – ED Secretariat**
**National Health Systems Resource Centre**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a center of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been a number of personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health systems strengthening, universal health coverage and excellence in public health, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening healthcare systems, improving service delivery and enabling positive health outcomes, through hands-on technical support at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal health coverage, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and administration. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the National and Global Goals.

The position reports to the Executive Director (ED), NHSRC and is on Contractual basis. The ED Secretariat functions as the Nodal Coordinating Division for technical inputs to the Ministry of Health and Family Welfare and undertakes dynamic activities as per the requirement of ED, NHSRC and MoHFW.

**Roles & Responsibilities:**

- Support the Executive Director/ team in the preparation of technical documents, presentations and concept notes, including reviews on Health Systems interventions, including evidence-based policy briefs and reports.
- Provide technical inputs to reports and documents submitted to ED Secretariat and ensure timely responses and onward submission.
- Ensure timely and high-quality responses to MoH&FW /Parliament Questions in coordination with NHSRC's Divisions.
- Provide technical assistance to review research papers/projects, review concept notes/ articles/ report submissions, and ensure timely completion of projects undertaken by the ED Secretariat.
- Undertake field visits to States and districts for understanding the on-ground challenges, monitoring, supervision, or as per requirement, such as in the Common Review Mission.
- Demonstrate analytical and high-quality documentation of field review visits to provide support and constructive feedback to the states.

- Liaison with all Divisions within NHSRC and MoHFW, as per requirement and demonstrate leadership and team-building abilities.
- Undertake other assignments, which may be assigned from time to time by the Executive Director.
- Produce high-quality documents, including technical reports, policy briefs, and presentations materials.
- Lead/support the drafting of technical documents, concept notes, and pitch decks. Translate complex learning concepts into clear, compelling documents for officials
- Professional develop one or more high-performing early career professionals
- Demonstrate robust project management capabilities, exhibiting self-discipline and motivation to consistently deliver a high volume of quality work while efficiently managing multiple assignments and tasks.
- Possesses excellent judgement and problem-solving skills, with the capacity to thoughtfully and judiciously address complex issues.
- Strong quantitative and critical thinking skills, including knowledge of statistical tools.

**Qualifications and Experience: (Regular Courses only)**

- MBBS with a full-time Postgraduate Degree in MD (Community Medicine/PSM) and 1 year of post-qualification experience; **or**
- MBBS/BDS with a full-time Postgraduate Degree in MPH and 2 years of post-qualification experience.
- Have a strong understanding of the structure and functioning of National Health Mission, current and past national health policies and programs, as well as current trends in health systems strengthening.

**Desirable:** Contributions to publications articles/ documents/ reports/ chapters/ monographs/ books.

**Age Limit:** Up to 45 years of age as on the last date of receipt of application. However, an age relaxation of up to 5 years may be granted to deserving candidates.

**Work Location:** New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of the public health canvas of states and districts. Travel to states and districts may be involved.

****Fee offered within the band Rs. 60,000/- to Rs. 1,20,000/- will be commensurate with qualification and experience.***

**Other Benefits:** In addition to the remuneration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on- duty visits.

**Duration of Contract:** Initial Contract till 31st March 2028 (with further extension subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at an appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (**http://nhsrcindia.org**). Applications will be accepted in the prescribed online applicationformat only. The last date for receiving applications is **17 March 2026**

**संदर्भ की शर्तें**

**सलाहकार – कार्यकारी निदेशक सचिवालय**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत एक स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु राज्यों को तकनीकी सहयोग एवं क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करना है। NHSRC को स्वास्थ्य नीति एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और उनके मूल्यांकन में योगदान देने का दायित्व भी सौंपा गया है।

वर्ष 2006 में स्थापना के पश्चात से NHSRC अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित ज्ञान का एक प्रमुख भंडार और उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। इस संस्था के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ सुदृढ़ व्यावसायिक संबंध स्थापित हैं। NHSRC से जुड़े अनेक कार्मिकों ने यहाँ कार्य करते हुए अमूल्य अनुभव अर्जित किया है, जिससे उन्हें अपने व्यावसायिक जीवन में उन्नति के अवसर प्राप्त हुए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और उसकी कार्यप्रणालियों से व्यापक परिचय NHSRC की एक विशिष्ट विशेषता है।

अगर आप भी स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और सार्वजनिक स्वास्थ्य में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो भारत के स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने हेतु समर्पित एक दल के साथ कार्य करने का यह एक विशिष्ट अवसर है। यह पद राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रत्यक्ष तकनीकी सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण, सेवा प्रदाय प्रणाली में सुधार और सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में सहभागिता का अवसर प्रदान करता है। अंतर्विषयक दल के साथ कार्य करते हुए सेवा वितरण प्रणालियों, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन एवं प्रशासन से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के समाधान खोजने, उन्हें अनुकूलित करने, सह-निर्मित करने एवं प्रसारित करने का अवसर प्राप्त होगा। यह अवसर व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में योगदान देने, जिला एवं उप-जिला स्तर के कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान-अनुवाद को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय एवं वैश्विक लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होने का अवसर प्रदान करता है।

यह पद कार्यकारी निदेशक (ED), राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) को प्रतिवेदित करेगा और पूर्णतः संविदा आधार पर होगा। कार्यकारी निदेशक सचिवालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी अभिमत प्रदान करने हेतु नोडल समन्वय प्रभाग के रूप में कार्य करता है और ED, NHSRC एवं MoHFW की आवश्यकताओं के अनुरूप गतिशील गतिविधियों का निर्वहन करता है।

**कर्तव्य एवं दायित्व :**

- कार्यकारी निदेशक एवं उनकी टीम को तकनीकी दस्तावेज़ों, प्रस्तुतियों और संकल्पना-पत्रों की तैयारी में सहयोग प्रदान करना, जिसमें स्वास्थ्य प्रणाली हस्तक्षेपों की समीक्षाएँ, साक्ष्य-आधारित नीति-संक्षेप एवं प्रतिवेदन सम्मिलित हों।
- कार्यकारी निदेशक सचिवालय को प्रस्तुत प्रतिवेदनों एवं दस्तावेज़ों में तकनीकी अभिमत प्रदान करना और समयबद्ध प्रत्युत्तर एवं अग्रेषण सुनिश्चित करना।
- NHSRC के विभिन्न प्रभागों के समन्वय से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoH&FW) और संसद प्रश्नों के समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्तर सुनिश्चित करना।
- अनुसंधान पत्रों/परियोजनाओं, संकल्पना-पत्रों, लेखों एवं प्रतिवेदन प्रस्तुतियों की समीक्षा हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान करना और कार्यकारी निदेशक सचिवालय द्वारा संचालित परियोजनाओं की समय पर पूर्णता सुनिश्चित करना।
- राज्यों एवं जिलों में क्षेत्रीय भ्रमण कर जमीनी चुनौतियों की समझ विकसित करना, निगरानी एवं पर्यवेक्षण करना अथवा आवश्यकता अनुसार सामान्य समीक्षा मिशन (Common Review Mission) जैसे कार्यक्रमों में सहभागिता करना।
- क्षेत्रीय समीक्षाओं का विश्लेषणात्मक एवं उच्च गुणवत्ता वाला प्रलेखन तैयार कर राज्यों को रचनात्मक सुझाव एवं सहयोग प्रदान करना।
- आवश्यकता अनुसार NHSRC के सभी प्रभागों और MoHFW के साथ समन्वय स्थापित करना एवं नेतृत्व और टीम-निर्माण कौशल का प्रदर्शन करना।
- कार्यकारी निदेशक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य दायित्वों का निर्वहन करना।
- तकनीकी प्रतिवेदन, नीति-संक्षेप और प्रस्तुति सामग्री सहित उच्च गुणवत्ता के दस्तावेज़ तैयार करना।
- तकनीकी दस्तावेज़ों, संकल्पना-पत्रों एवं प्रस्तुति सामग्री के प्रारूपण का नेतृत्व करना/सहयोग प्रदान करना और जटिल अवधारणाओं को स्पष्ट एवं प्रभावी दस्तावेज़ों में रूपांतरित करना।
- प्रारंभिक स्तर के एक या अधिक प्रतिभाशाली पेशेवरों का मार्गदर्शन एवं क्षमता विकास करना।
- उत्कृष्ट परियोजना प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन करते हुए आत्म-अनुशासन एवं प्रेरणा के साथ एकाधिक दायित्वों का कुशल प्रबंधन करना और निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता का कार्य सुनिश्चित करना।
- उत्कृष्ट निर्णय क्षमता एवं समस्या-समाधान कौशल का प्रदर्शन करना और जटिल विषयों का विवेकपूर्ण समाधान करना।
- सुदृढ़ मात्रात्मक एवं विश्लेषणात्मक चिंतन क्षमता, जिसमें सांख्यिकीय उपकरणों का ज्ञान सम्मिलित हो।

**योग्यताएँ एवं अनुभव :**

- एमबीबीएस के साथ पूर्णकालिक एम.डी. (सामुदायिक चिकित्सा/प्रतिरक्षी एवं सामाजिक चिकित्सा – PSM) और स्नातकोत्तर उपरांत न्यूनतम 01 वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव;

  या

- एमबीबीएस/बीडीएस के साथ पूर्णकालिक मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH) और स्नातकोत्तर उपरांत न्यूनतम 02 वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संरचना एवं कार्यप्रणाली, वर्तमान एवं पूर्व राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीतियों एवं कार्यक्रमों और स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण के समकालीन प्रवृत्तियों का सुदृढ़ ज्ञान।

**वांछनीय :** प्रकाशनों, लेखों, दस्तावेज़ों, प्रतिवेदनों, अध्यायों, मोनोग्राफ अथवा पुस्तकों में योगदान।

**आयु-सीमा :** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी। हालांकि, पात्र अभ्यर्थियों को अधिकतम 05 वर्ष तक की आयु में शिथिलता प्रदान की जा सकती है।

**कार्य-स्थल :**नई दिल्ली; राज्यों एवं जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर। राज्यों एवं जिलों में यात्रा अपेक्षित हो सकती है।

**पारिश्रमिक सीमा :** ₹60,000/- से ₹1,20,000/- प्रति माह।

* प्रस्तावित पारिश्रमिक अभ्यर्थी की योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा।

**अन्य लाभ :** उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) के सलाहकारों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (NHSRC की नीति के अनुसार), 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुरूप महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, प्रदर्शन आधारित वेतन वृद्धि और आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) प्रदान किया जाएगा।

**अनुबंध की अवधि :** प्रारम्भिक अनुबंध 31 मार्च 2028 तक के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में आगे बढ़ाया जा सकता है।

चयनित अभ्यर्थियों को NHSRC में समान कौशल-समुच्चय एवं उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों के लिए भी विचारार्थ लिया जा सकता है।

**आवेदन की प्रक्रिया :** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सावधानीपूर्वक एवं सही प्रकार से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 17 मार्च 2026 होगी।